## खबर संक्षेप



### प्रियंका को रेल मंत्री द्वारा किया गया सम्मानित

**कटनी।** नगर के डॉ जाकिर हुसैन वार्ड निवासी सुनील तिवारी की सुपुत्री प्रियंका तिवारी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद से कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी में मास्टर डिग्री एमटेक की उपाधि से हैदराबाद में सम्मानित किया गया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा सम्मानित किया गया।

### छात्रवृत्ति के लिए वन टाईम रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

**कटनी।** जनजातीय कार्य विभाग एवं अनुसूचित जाति विकास के निर्देशानुसार कक्षा 9वीं से महाविद्यालयीन स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (वार्षिक पारिवारिक आय सीमा राशि 2.50 लाख रूपये से कम) का लाभ प्राप्त होता है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाईम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य हैं। विद्यार्थियों द्वारा एक बार ओटीआर नंबर प्राप्त कर लिये जाने के बाद भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नंबर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा जिसके लिए पृथक से पुनः ओटीआर की आवश्यकता नहीं होगी। जनजातीय कार्य विभाग ने सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के नोडल प्राचार्यों, महाविद्यालय प्राचार्यों, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्य व छात्रावास अधीक्षकों को कक्षा 9वीं से महाविद्यालयीन स्तर पर अजा एवं जनजाति के अध्ययनरत विद्यार्थियों को वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये वन टाईम रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिए हैं।

### ताइक्वांडों क्लब में बेल्ट प्रमोशन का आयोजन



**कटनी।** जंडा ताइक्वांडो क्लब में बैल्ट प्रमोशन टैस्ट का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों ने येल्लो बेल्ट से हाई येल्लो बेल्ट प्राप्त किया। इस बैल्ट टैस्ट को जंडा ताइक्वांडो क्लब के ओनर हॉल ऑफ़ फेम इंडिया मास्टर गोपाल सिंह जंडा 5th डान ब्लैक बैल्ट, मांडवी पाण्डेय 4th डान ब्लैक बैल्ट के द्वारा लिया गया, जिसमे सतीश सोनी 1st डान ब्लैक बैल्ट का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। इस टैस्ट में परियत मेहानी, मिराया जैन, मेहर केवलानी, जीशा केवलानी, और कनक प्रसाद ने सफलता हासिल की। इन सभी बच्चों को ईश्वरी प्रसाद ब्लैक बैल्ट 1st डान के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। हम सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

### कन्या हाई स्कूल में आज कबड्डी प्रतियोगिता

**सिलौंडी।** शासन के निर्देश पर आज सिलौंडी कन्या हाई स्कूल में ब्लाक स्तर की बालक बालिका कबड्डी का आयोजन होगा जिसमें ढीमरखेड़ा ब्लाक के सभी स्कूलों की टीम भाग लेगी । जिसमें से अच्छा प्रदर्शन करने वाली बालक बालिकाओं को जिला स्तर में चयन होगा । प्राचार्य विशाल वरकडे ने कहा की मध्य प्रदेश सरकार के निर्देश में आज सिलौंडी कन्या हाई स्कूल में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है जिसमे अच्छा खेल का प्रदर्शन करने वाले बालक बालिका को जिला ,संभाग और राज्य स्तर में खेल का अवसर मिलेगा। बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेल में भी उत्साह वर्धन करने के उद्देश्य से खेल प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है ।

बहोरीबंद विकासखण्ड के ग्राम गाड़ा पड़रिया का मामला, अधिकारी ध्यान दे रहे न जनप्रतिनिधि

# बरसात में नाव बनती है सहारा, घरों में कैद होने मजबूर होते हैं ग्रामवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

ग्रामीण अंचलों में सर्वागीण विकास हो इसके लिए सरकार व शासन के द्वारा तमाम योजनाएं संचालित की जा रही है जिसमे भारी भरकम राशि भी खर्च की जा रही है लेकिन आजादी के सात दशक के बाद भी बहुत से ग्रामीण अंचल ऐसे है जिन्हें विकास की जरूरत है। बहोरीबंद विकासखण्ड की ग्राम पंचायत अमरगढ़ अंतर्गत गाड़ा पड़रिया पुल इसका उदाहरण है। कम ऊंचाई का पुल हमेशा वर्षा काल मे रहवासियों के लिए परेशानी का सबब बनता है। ग्राम गाड़ा पड़रिया के निवासरत रहवासी बरसात के समय चार माह के लिए घरो में कैद होने विवश होते है। वर्षाकाल के समय आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती है लेकिन आजादी के बाद से अब तक यहां के रहवासी यह दंश भुगत रहे। ऊंचे पुल का निर्माण कार्य कराने न ही जनप्रतिनिधियों के द्वारा न ही प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा कोई ध्यान दिया जा रहा है।



### सुहार नदी आती है उफान पर तो डूब जाता है पुल

ग्राम गाड़ा पड़रिया के ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में सुहार नदी उफान पर आ जाती है जिससे गाड़ा पड़रिया ग्राम के पास बना पुल डूब जाता है। पहाड़ीखेडा-बचैया मार्ग में आवागमन बन्द हो जाता है। संपर्क तहसील मुख्यालय से टूट जाता है। लोगो को पुल से इस-उस पार लाने ले जाने नाव का सहारा लिया जाता था। यदि बचैया जाना पड़े तो फिर लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है । हाल ही मे इस वर्ष भी विगत दिनों हुई वर्षा के चलते पुल डूब गया था, जिस कारण आवागमन बंद हो गया था।

### बस आश्वासन ही मिलता है

ग्रामीणों ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत तो दूर विधानसभा व लोकसभा के चुनाव मे हर बार मुद्दा उठाया जाता है की ऊंचाई का पुल बनाया जाए जिससे वर्षा काल मे होने वाली परेशानियों से निजात मिल सके ।लेकिन चुनाव जीतने के बाद आज तक पुल की ऊंचाई का कार्य नही हो सका है। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के द्वारा सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता है।

### इनका कहना है

एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया ने बताया कि बहोरीबंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम गाड़ा-पड़रिया में ऊंचाई वाला पुल बनना जरूरी है। इस विषय पर जरूरी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए जिला प्रशासन व शासन स्तर तक मांग पत्र भेजा जाएगा।

# बिना फिटनेस और टैक्स के चल रही थी बस, जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने निर्देश पर जिले में बिना फिटनेस, इश्योरेंस एवं परमिट के चल रहे अवैध वाहन संचालन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में, विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र में आरटीओ द्वारा वाहनों की सघन चेकिंग अभियान के दौरान बस क्रमांक जीजे-16वाय9329 को बिना वैध फिटनेस प्रमाण पत्र और टैक्स जमा किए सड़क पर दौड़ते हुए पाया गया। जांच में पता चला कि इस बस के संचालक अमित तिवारी हैं। बस का फिटनेस प्रमाण पत्र फरवरी 2024 को ही समाप्त हो चुका है। वहीं इसका रोड टैक्स दिसंबर 2022 तक ही जमा पाया गया। इसके बाद इसका नवीनीकरण नहीं कराया गया। परिवहन नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर, एआरटीओ संतोष पॉल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बस को जब्त कर लिया। जब्त की गई बस को आगे की कानूनी कार्यवाही हेतु विजयराघवगढ़ पुलिस थाने में रखा गया है।

### अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की मनाई गईं जयंती

**स्लीमनाबाद।** अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयंती स्लीमनाबाद मे आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने मनाई। जिलाध्यक्ष सुशील कुमार दुबे ने चन्द्रशेखर आजाद की जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ ही अध्यापक शिक्षक संवर्ग की पमुख समस्या नियुक्ति दिनांक का आईंएफएमएस पोर्टल में सुधार कार्य हेतु प्रान्ताध्यक्ष के नेतृत्व में संगठित रह भविष्य की रणनीति पर सहयोग के लिए आवाह्न करने एवं आजाद आजीवन सदस्य बनाकर संगठन को मजबूत उर्जावान बनने पहल भी गई। इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक रवि दुबे,सोहन हल्दकार ,अनिल हल्दकार ,विनोद तिवारी ,ओमप्रकाश त्रिपाठी ,विनय हल्दकार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

गैरतलाई में आयोजित जन संवाद में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

# बंद पुल को चालू कराने, अवैध कब्जा हटवाने कलेक्टर से की गई फरियाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने गुरूवार को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत गैरतलाई में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में 83 ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं एवं अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत और एसडीएम विजयराघवगढ़ महेश मंडलोई सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद हैं।

लोक सुनवाई के दौरान गैरतलाई निवासी लक्ष्मण प्रसाद प्रजापति ने कलेक्टर श्री यादव को बताया कि मेन रोड पी डब्ल्यू पुल बंद करने से हमारी फसल नष्ट हो गई है। यह पुल पुनः चालू कराई जाय। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने समय-सीमा में एसडीएम को मौका परीक्षण करते हुये आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

लोक सुनवाई के दौरान ग्राम उबरा निवासी शिव प्रसाद पिता तनकू ने आवेदन देते हुये कहा कि मुझे वर्ष 2003 में राजस्व विभाग द्वारा रा.नि.मं सिनगौंड़ी तहसील विजयराघवगढ़ स्थित भूमि खसरा नंबर 326/1 रकबा 0.36 हेक्टेयर भूमि भू-दान में मिली थी। जो कि वर्तमान में राजस्व रिकॉर्ड में मेरे नाम पर दर्ज है। परंतु उक्त भूमि के अंशभाग पर दद्दू, राकेश, ज्ञानी एवं आशाबाई के द्वारा कब्जा कर लिया गया है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने तहसीलदार को सीमांकन करवाकर नियमानुसार कब्जा हटवाने के निर्देश दिए।

### आवागमन हेतु मार्ग की करें व्यवस्था

लोक सुनवाई के दौरान ग्राम जारारोड़ वार्ड 6 निवासी गुलाब सिंह रघुवंशी एवं अन्य ने आवेदन देते हुये आवागम हेतु रास्ता बनाये जाने की मांग करते हुये बताया कि इस वॉर्ड में 10 परिवारों के मकान हेतु आवागमन के लिए रास्ता नहीं है। जिससे आने-जाने में अत्यंत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पूर्व में आवागमन हेतु शासकीय भूमि का उपयोग होता था जो कि अब शासन द्वारा किसानों को आवंटित कर दी गई है। आवंटित भूमि पर किसानों ने तार एवं बाड़ी लगाकर रास्ता अवरूद्ध कर दिया है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने इस पर एसडीएम को समय-सीमा के भीतर नियमानयुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

### खेत में भंडारित रेत को हटवायें

ग्राम छिंदहाई पिपरिया निवासी सत्येन्द्र गौतम एवं दीपक गौतम ने आवेदन देते हुये बताया कि राजस्व ग्राम नदावन स्थित भूमि खसरा नंबर 55 रकबा 3.25 हेक्टेयर को विष्टा कंपनी को रेत भंडारण हेतु तीन वर्ष हेतु रजिस्टर्ड एग्रीमेंट के द्वारा दिया गया था। 3 वर्ष की अवधि पूर्ण हो जाने पर एग्रीमेंट की अवधि पुनः1 वर्ष बढ़ा दी गई थी। परंतु, दूसरी अवधि समाप्त हो जाने के बाद भी कंपनी द्वारा रेत का जबर्दस्ती भंडारण किया गया है एवं किराया भी नहीं दिया जा रहा है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने जिला माइनिंग अधिकारी को निश्चित समयावधि में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### शिवलिंग निर्माण एवं रूद्राभिषेक का आयोजन, भंडारा आज



बड़वारा में स्थानीय रामलीला प्रांगण में शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक का भव्य धार्मिक आयोजन स्थानीय व क्षेत्रीय लोगों के जन सहयोग से किया जा रहा है जिसमे बड़वारा व ग्रामीण अंचलों से रोजाना सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुषों की अपार भीड़ उमड़ रही है। वैदिक मंत्रों व सम्पूर्ण विधि विधान से प्रकांड सन्त महात्माओं की अमृतमयी देववाणी से मंत्रोच्चार कर शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक करवाया जा रहा है। गुरुवार को शिवभक्त माताओं, बहनों, भाइयों के कर कमलों के द्वारा लगभग पचास हजार की विशाल संख्या में शिवशंकर त्रिपुरारी जी के शिवलिंग का निर्माण किया गया। हवन कार्यक्रम का समापन भी किया गया। आयोजकों ने बताया कि 25 जुलाई को विशाल भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सभी धर्म प्रेमियों से भंडारे की महा प्रसाद प्राप्त कर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है।

# जलभराव की समस्या का महापौर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नागरिकों की शिकायतों को त्वरित संज्ञान में लेकर निगम कार्यालय के माध्यम से उनके निराकरण कराने हेतु तत्परता से कार्य कर रही है। इसी कड़ी में गुरूवार को मदनमोहन चैबे वार्ड भूमि प्रकट शारदा माता मंदिर के पीछे स्थित बस्ती के निवासियों द्वारा नालियों के खुले होने के कारण रोड में जलभराव की शिकायत को त्वरित संज्ञान में लेकर क्षेत्रीय उपयंत्री के साथ स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू एवं उपयंत्री संजय मिश्रा मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा अतिवर्षा के दौरान मार्ग में जलभराव की समस्या उत्पन्न होने से आवागमन बाधित होने की जानकारी दी गई। जिस पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने क्षेत्रीय उपयंत्री संजय मिश्रा से समस्या उत्पन्न होने के कारणों की जानकारी चाहे जाने पर बताया गया कि यदि नालियों की सफाई कराकर उनकी कव्हरिंग करा दी जायेगी तो काफी हद तक इस समस्या का निराकरण हो सकेगा। जिस पर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा उपयंत्री श्री मिश्रा को नाली कव्हरिंग का प्रस्ताव तैयार करानें के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा विगत दिवस वंश स्वरूप वार्ड स्थित टेलीफोन एक्सचेंज के सामने लाल पहाड़ी पर नाली निर्माण के दौरान प्राप्त शिकायत को संज्ञान में लेकर स्थल निरीक्षण करते हुए शिकायत का निराकरण करनें हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गए थे।

विशेष अभियान चला कर की गई कार्रवाई, दी गई सख्त हिदायत

# पुलिस टीमों ने होटल एवं ढाबों में दी दबिश, शराब पिलाने एवं बेचने पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अवैध रूप से शराब पिलाने एवं सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 08 पुलिस टीमों का गठन कर होटल, ढाबों का सघन निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान 6 ढाबा संचालक अपने प्रतिष्ठान में ग्राहकों को शराब पिलाते हुए पाए गए जिन पर नियमानुसार आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त 03 ढाबा संचालक अवैध रूप से शराब बेचते हुए पाए गए, जिनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई। सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों पर भी कार्रवाई करते हुए उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई होटल एवं ढाबा संचालकों को सख्त समझाइश दी गई कि वे अपने प्रतिष्ठानों के बाहर CCTV कैमरे अनिवार्य रूप से लगवाएं तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्त न हों।



कटनी पुलिस की सख्त चेतावनी जिले में अवैध रूप से शराब बेचना, होटलों व ढाबों में शराब पिलाना अथवा सार्वजनिक स्थलों पर शराब का सेवन करना पूरी तरह वर्जित है। ऐसी किसी भी गतिविधि में संलिप्त व्यक्ति या होटल के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### तो पुलिस को दें सूचना

पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि यदि कहीं भी अवैध शराब बिक्री या सेवन की जानकारी हो, तो तुरंत स्थानीय थाना, कंट्रोल रूम कटनी – 7587615946 या डायल 100 पर सूचित करें। आपकी पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

हाट बाजार की सुविधा मिलने से मिलेगा रोजगार, दूर होगी परेशानी

# मार्ग पर लग रही साप्ताहिक बाजार, आवागमन होता है प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद कहने को तो तहसील है लेकिन अभी भी यहां मूलभूत सुविधाओं की दरकार बनी हुई है। तहसील कार्यालय के अलावा स्लीमनाबाद में ऊर्जा विभाग ,पीएचई व एसडीओपी कार्यालय भी संचालित है। इसके साथ महाविद्यालय, अस्पताल, रेलवे स्टेशन सहित अन्य कार्यालय भी है जहां प्रतिदिन अपने कामकाज को लेकर लोगो का आना होता है। वही स्लीमनाबाद ग्राम पंचायत में अभी बस स्टैंड, यात्री प्रतीक्षालय की दरकार तो है ही साथ सबसे बड़ी दरकार हाट बाजार की है। हाट बाजार न होने से स्लीमनाबाद मैं शुक्रवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार मार्ग पर लगता है।जिससे आवागमन प्रभावित होता है। साथ ही कई बार मार्ग पर बाजार लगने के चलते वाहनों से घटनाएं भी घटित हो गई है। स्लीमनाबाद को शहर की तरह सुविधाएं देने के लिए सपने तो दिखाए जा रहे है। लेकिन आज भी समुचित विकास नही हो सका।



### 70 फीसदी से ज्यादा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध

साप्ताहिक हाट बाजार इन ग्रामीण लोगों की जरूरतें पूरा करने के लिए एक विकल्प बना हुआ है। इससे जहां लोगों को 70 फीसदी से अधिक दैनिक जीवनचर्या का सामान घर बैठे मिल जाता है। वहीं बाजार में फुटपाथ पर अपनी आजीविका के लिए पहुंचने वाले छोटे दुकानदारों को रोजगार भी उपलब्ध हो जाता है।

### कौड़िया का साप्ताहिक बाजार

तहसील की ग्राम पंचायत कौड़िया में गुरुवार को साप्ताहिक हाट बाजार लगता है। हाट बाजार मे आसपास काफी दुकानदार स्वतः पहुंच जाते हैं। बाजार में हर तरह के सामान की उपलब्धता के कारण कौड़िया,धनवाही, धूरी, बंधी, भरदा व बड़खेड़ा तक के लोग यहां खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। हालांकि इस बाजार में जगह की कमी है। इसी तरह बहोरीबंद में बुधवार को सप्ताह के एक दिन बाजार हाट बाजार स्थल पर भरता है। इन क्षेत्रों के ग्रामीण बेहद जरूरी होने पर ही जिला मुख्यालय पहुंचते हैं।

### इनका कहना है

इस संबंध में जनपद सीईओ अभिषेक कुमार का कहना है कि स्लीमनाबाद में साप्ताहिक हाट बाजार के लिए क्षेत्रवासियों से चर्चा की जाएगी। ग्राम पंचायत के वार्डों के प्रतिनिधियों से भी मशविरा लिया जाएगा। बाजार की शुरुआत के साथ सुविधाओं के लिए प्रयास किया जाएगा।



# महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में गत दिवस विकसित मध्य प्रदेश @2047 अन्तर्गत रोजगार आधारित शिक्षा रूझान एवं नए अवसर पर एकदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ ₹कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आधुनिक परिवेश में नवाचारों का उपयोग करते हुए रोजगार युक्त शिक्षा व्यवस्था पालन करना होगा 1 इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लवकुश सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नयी शिक्षा नीति के प्रावधानों से अवगत कराया कि किस प्रकार यह प्रभावशाली है 1 इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ सुजीत सिंह, समस्त शैक्षणिक स्टाफ व विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

**खबर संक्षेप**

## साईकिल पाते ही विद्यार्थियों के खिले चेहरे

**स्लीमनाबाद।** बहोरीबंद विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कूड़ा मर्दानगढ़ मे मुख्यमंत्री साईकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 6 वी व 9 वी मै अध्ययनरत विद्यार्थियों को सत्र 2025-26 की साईकिलो का वितरण किया गया जिसमें कक्षा 6वीं व 9वीं के 36 विद्यार्थियों को साईकिल वितरण की गईं। साईकिल पाते ही विद्यार्थियों के चेहरों में मुस्कान आ गई। विद्यार्थियों को पढ़ाई करने स्कूल आने में सहूलियत होगी। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच गिरजा शिवकुमार शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें, जिससे उज्ववल भविष्य की ओर बढ़े ओर अपने माता - पिता के साथ शिक्षक व गाँव का नाम रोशन करें। सरकार द्वारा विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। इस दौरान प्राचार्या इंदु पांडेय सहित स्कूल स्टॉफ व विद्यार्थियों की की उपस्थिति रही।

## रोजगार आधारित शिक्षा पर कार्यशाला का शुभारंभ

**बड़वारा।** शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में 23 जुलाई को सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित विकसित मप्र @2047 अन्तर्गत रोजगार आधारित शिक्षा रूझान एवं नए अवसर पर एकदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया 1 इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आधुनिक परिवेश में नवाचारों का उपयोग करते हुए रोजगार युक्त शिक्षा व्यवस्था पालन करना होगा 1 इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लवकुश सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नयी शिक्षा नीति के प्रावधानों से अवगत कराया कि किस प्रकार यह प्रभावशाली है 1 इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ सुजीत सिंह, समस्त शैक्षणिक स्टाफ व विद्यार्थियों ने सहभागिता की 1

## 1 अगस्त को जारी होगी वैध सूची

**कटनी।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी कटनी की प्रबंध कार्यकारिणी की अवधि पूर्ण होने के पश्चात राज्य शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम एवं कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशानुसार निर्वाचन प्रक्रिया का शुभारंभ किया जाना है। जिस हेतु सर्वप्रथम भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी कटनी के आजीवन सदस्यों एवं मतदाताओं की सूची कार्यालय कलेक्टर के सूचना पटल एवं जिला चिकित्सालय कटनी के सूचना पटल पर चस्पा की जायेगी। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी कटनी के सचिव ने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर 1 अगस्त सुबह 10.30 बजे तक सचिव एवं सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय कटनी में आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। 1 अगस्त को ही दोपहर 1 बजे तक समस्त आपत्तियों का निराकरण कर वैध मतदाता सूची जारी कर दी जाएगी एवं निर्वाचन कार्यक्रम घोषित किया जावेगा।

## विधायक ने पुराने सहकारी समिति भवन का किया निरीक्षण



**सिलौड़ी।** सिलौंडी प्रवास के दौरान बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी के आग्रह में पुराने सहकारी समिति भवन का निरीक्षण किया और जल्द ही सहकारी समिति भवन की नई बिल्डिंग बनाने की करवाई शुरू करने का आश्वशन किया । बड़वारा विधायक ने स्वर्गीय सुनील काछी और सड़क हादसे में घायल काजल सेन मां से मुलाकात किया और उनके उपचार में पूरा सहयोग देना का वादा किया । साथ ही काजल सेन उम्र 20 वर्ष की सड़क हादसे में मौत पर दुख प्रकट किया । विधायक ने काजल सेन के परिवार की सहायता करने का वादा भी किया है । कछार गांव बड़ा में भी स्वर्गीय जिनेश जैन के परिवार से मुलाकात किया है । इस दौरान मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी,सिलौंडी उपसरपंच राहुल राय,पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय ,पंच राजा राय ,पंच शायमदत्त राय सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही ।

### कलेक्टर ने अधिकारियों को खाद-बीज की दुकानों का निरीक्षण करने दिए निर्देश

# खाद बीज की कालाबाजारी करने वालों पर दर्ज कराएं एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सभी एसडीएम, तहसीलदार सहित कृषि और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे खेती- किसानी के कार्य हेतु जरूरी खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उर्वरक एवं बीज विक्रय केन्द्रों का सतत निरीक्षण करें। निरंतर सक्रिय बनें रहें,ताकि खाद-बीज के लिए किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने उर्वरक की कालाबाजारी,अवैध भंडारण, टैगिंग, मिस ब्रांडिंग, गुणवत्ताहीन उर्वरक बिक्री करने वाले और अवैध परिवहनकर्ताओं सहित इस प्रकार के कार्यो में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम सहित अन्य धाराओं के तहत एफआईआर कराने जैसी कार्रवाई के सख्त निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं।

कलेक्टर ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को हिदायत दी है कि



सोसायटी, सरकारी एवं निजी दुकानों में खाद- बीज की पर्याप्त उपलब्धता और सुविधा जनक ढंग से खाद वितरण व्यवस्था बनाने नियमित निरीक्षण करें। उन्होंने उप संचालक कृषि को ताकीद किया है कि उर्वरक के नगद विक्रय केन्द्रों में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाय।

कलेक्टर श्री यादव ने सभी एस डी एम, तहसीलदार, सहकारिता और कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे विक्रय केन्द्रों में प्रतिदिन खाद की उपलब्धता, उर्वरक विक्रय केन्द्रों की नियमित निगरानी और दुकान के बाहर सूचना पटल पर उपलब्ध खाद की मात्रा और दर सूची भी अवश्य लगवाना सुनिश्चित करें।

### टैगिंग उत्पादों की न हो बिक्री

कलेक्टर श्री यादव ने निर्देशित किया है कि वर्तमान में जिले में खरीफ मौसम अंतर्गत फसलों की बोनी एवं टॉप ड्रेसिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। इस कारण अनुदानित उर्वरकों जैसे यूरिया, डीएपी, कॉप्लैक्स का क्रय किसानों द्वारा निरंतर किया जा रहा है। लेकिन अधिकारी ऐसे मामलों पर भी पैनी नजर रखें कि कोई भी उर्वरक प्रदायक कंपनी या उर्वरक विक्रेता अनुदानित उर्वरकों के साथ किसानों को अन्य उत्पादों जैसे बायोस्टीमुलेंट, नैनो उर्वरक, माईक्रोन्यूट्रियेंट मिक्चर, जैव उत्तेजक आदि को टैग करके बिक्री नहीं करें और किसानों को इन्हें खरीदने बाध्य भी नहीं करें।कलेक्टर ने टैगिंग को रोकने के लिए सतत मानीटरिंग करने और उल्लंघन पाये जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के तहत सख्त वैधानिक कार्यवाही की हिदायत अफसरों को दिया है।

### उर्वरक गुण नियंत्रण हेतु लें नमूना

कलेक्टर श्री यादव ने कृषि अधिकारियों को ताकीद किया है कि जिले में संचालित समस्त उर्वरक विक्रेताओं, विक्रय केन्द्रों,भण्डारण केन्द्रों से उर्वरकवार, कंपनीवार, ग्रेडवार, बैचवार,लॉटवार नमूने लिये जाकर नमूना विश्लेषण हेतु प्रयोगशालाओं को भेजवाना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री यादव ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद, बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद,बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220071 पर दे सकते हैं।

# आदतन अपराधी के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने बाबली टोल आजाद चौक चन्द्रशेखर आजाद वार्ड निवासी राहुल सोनी पिता अशोक सोनी 32 वर्ष के विरुद्ध मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर आगामी 6 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्वा सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

### 11 प्रकरण हैं पंजीबद्ध

कलेक्टर श्री यादव ने जिला बदर की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है। राहुल सोनी के विरूद्ध वर्ष 2016 से 2025 तक कुल 11 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें 10 प्रकरण कोतवाली थाना में एवं 1 प्रकरण माधवनगर थाने में दर्ज है। राहुल के विरूद्ध शराब पीने के लिए अवैध रूप से पैसों की मांग करना, गाली-गलौज करना, मारपीट करना, आत्मशहत्यान के लिए उत्प्रेररित करना, अवैध शस्त्रन कब्जेल में रखना, अवैध रूप से शराब विक्रय करना एव सट्टा खिलाने जैसे गंभीर

**6 माह की अवधि के लिए किया जिले की राजस्वध सीमाओं से निष्कासित**

अपराध पंजीबद्ध है। पुलिस के द्वारा राहुल के विरूद्ध समय-समय पर वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई फिर भी आदतन अपराधी राहुल के आचरण व्यपवहार में कोई सुधार नहीं हुआ।

### आदेश किया पारित

राहुल की आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री यादव ने आदतन अपराधी राहुल सोनी को 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्वथ सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया जिले की राजस्व सीमाओं से 6 माह की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

**एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण**

# विधायक ने कुआँ हायर सेकेण्डरी स्कूल में विद्यार्थियों को वितरित की साईकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ें, सिर्फ अपनी पढ़ाई की ही चिंता करें। विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए प्रदेश सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। उनके भविष्य के लिए बहुत सी योजनाएं शुरू की हैं। गरीब विद्यार्थी भी अपनी उच्च शिक्षा जारी रख सकता है। वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने तक की सुविधा सरकार दे रही है। हायर सेकंडरी परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले हजारों मेधावी विद्यार्थियों को सरकार हर साल लैपटॉप तो स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली विद्यार्थियों को स्कूटी वाहन दे रही है। हर साल मुफ्त साइकिलें, मुफ्त गणवेश व



कॉपी किताब दे रही है।

### मन लगाकर करें पढ़ाई

विधायक प्रणय पांडेय ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुआँ मे आयोजित साईकिल वितरण कार्यक्रम में कही। विधायक ने विद्यार्थियों को खूब मन लगाकर अच्छे से पढ़ाई करने तथा अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने की सीख देते हुए शिक्षकों को भी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने की बात कही!

विधायक प्रणय पांडेय के द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मे कुआँ मे कक्षा 6 वी के 50 ओर 9 वी के 50 विद्यार्थियों को साईकिल वितरित की।

साईकिल पाते ही विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। इसके साथ ही विधायक ने अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन मे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधेरोपण भी किया गया। इसके अलावा शासकीय हाई स्कूल खम्हरिया मे भी कक्षा 9 वी के 12 विद्यार्थियों को साईकिल वितरित की गईं।

इस दौरान बीआरसी प्रशांत मिश्रा, सरपंच अमित साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश गर्ग,प्राचार्य शैलेन्द्र पुरी, पप्पू उपाध्याय सहित स्कूल स्टॉफ सहित विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### हरियाली बढ़ाने के लिए तैयार की गई रोपणी



हरियाली को बढ़ाने एवं पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर संस्थाओं के सहयोग से समस्त विकासखंडों के पांचों अलग-अलग सेक्टर में दो-दो हजार पौधों की रोपणी तैयार की गई है। साथ ही परिषद द्वारा पर्यावरण संरक्षण में स्थानीय महिलाओं की भूमिका को बढ़ाने के उद्देश्य से नवांकुर सखी कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इसके अंतर्गत परिषद द्वारा प्रति विकासखंड 500 महिलाओं को नवांकुर सखी के रूप में चयन किया गया है। परिषद द्वारा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 24 जुलाई से नवांकुर सखी हरियाली यात्राओं का आयोजन समस्त विकासखंडों के पांचो सेक्टर में अलग-अलग दिवस में किया जाएगा। इन यात्राओं का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाते हुए उनके द्वारा पौधा रोपण व उसका संरक्षण किया जाना है। यात्रा के माध्यम से समस्त नवांकुर सखियों को संस्था द्वारा 11 पौधे देकर उसे सुरक्षित कर बड़ा करने के उद्देश्य से प्रदान किया जाएगा।

# जिला जेल परिसर में एसपी ने बंदियों से कहा दृढ़ संकल्प लेकर नशे से बनाएं दूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला जेल परिसर में नशा मुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कैदियों एवं जेल प्रशासन को संबोधित करते हुए नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। श्री विश्वकर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा की सभी बंदीगण जीवन के जिस पड़ाव पर हैं, वहां से वापसी कठिन ज़रूर है, लेकिन असंभव नहीं। यदि आज आप ठान लें कि अब नशे से पूरी तरह दूरी बनाकर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में मोड़ना है, तो यही संकल्प आपका भविष्य बदल सकता है। जेल केवल सज़ा का स्थान नहीं, बल्कि आत्ममंथन और आत्मसुधार की भूमि है।"



उन्होंने यह भी कहा कि बंदीगण यदि अब दृढ़ संकल्प लें और नशे से हमेशा के लिए दूरी बना लें, तो वे समाज में वापस जाकर एक सकारात्मक और रचनात्मक जीवन जी सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी बंदियों को नशामुक्त जीवन की शपथ दिलाई गई और उन्हें नशे के दुष्परिणामों एवं इसके सामाजिक प्रभावों से अवगत कराया गया।

नशा मुक्ति कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, जेल अधीक्षक प्रभात कुमार चतुर्वेदी, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति नेहा पच्चीसिया, रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत, चौकी प्रभारी झिंझरी प्रियंका राजपूत, पुलिस एवं जेल प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में बंदी उपस्थित रहे।

**जबलपुर एसटीएफ की टीम ने ग्राम बड़खेरा में दबिश देकर की कार्रवाई**

# आनलाइन सेंटर की आड़ में चल रहा था नकली नोट बनाने का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कुठला थाना अंतर्गत ग्राम बड़खेरा में ऑनलाइन सेंटर एवं गारमेंट्स दुकान संचालन की आड़ में नकली नोट बनाने का कारोबार संचालित किया जा रहा था। मप्र STF (स्पेशल टास्क फोर्स) जबलपुर ने नकली नोटों की छपाई करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। आरोपी के पास से 1,56,400 मूल्य के नकली नोट बरामद किए गए हैं। इसके अलावा नकली नोटों की छपाई में उपयोग होने वाले हाईटेक उपकरण भी जब्त किए गए हैं।

जबलपुर इकाई के प्रभारी संतोष तिवारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम को सहायक पुलिस महानिरीक्षक नवीन चौधरी, पुलिस अधीक्षक राजेश भदौरिया और पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल का मार्गदर्शन प्राप्त था।

मुखबिर की सूचना पर STF टीम ने कटनी जिले के बिलहरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़खेरा में बुधवार शाम को दबिश दी। यहां आरोपी कृष्ण कुमार लोधी (पिता गुलाब सिंह लोधी, उम्र 29 वर्ष) निवासी जिओ टॉवर के पास, बखड़ेरा, जिला कटनी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से नकली नोट, प्रिंटिंग मशीन, स्कैनर सहित हाईटेक उपकरण जब्त की।

### नकली नोट सहित ये सामग्री जब्त

टीम द्वारा आरोपी की दुकान से 500 रूपए के 201 नकली नोट, 200 रूपए के 226 नकली नोट एवं 100 रूपए के 107 नकली नोट, कुल 534 नकली नोट (मूल्य 1,56,400) जब्त किया गया है। इसके अतिरिक्त हाईटेक प्रिंटिंग मशीन, स्कैनर, कंप्यूटर सिस्टम, स्पेशल स्याही, गोंद, नोट छपाई का विशेष पेपर, नोटों की डिजाइन वाली फाइलें, एक वीवो कंपनी का एंड्राइड मोबाइल, एक दोपहिया वाहन भी जब्त किया गया है।

### दुकान की आड़ में गोरखधंधा

आरोपी गांव में एक ऑनलाइन सेंटर एवं गारमेंट्स की दुकान संचालित करता था। उसने इन वैध व्यवसायों की आड़ में कंप्यूटर और प्रिंटर की मदद से नकली नोट छापने का काम शुरू किया था। STF की टीम ने सात दिन तक आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखी और पुख्ता सबूतों के बाद कार्रवाई को अंजाम दिया। पूछताछ में यह सामने आया है कि आरोपी का नेटवर्क जबलपुर सहित आसपास के जिलों एवं अन्य राज्यों तक फैला हो सकता है। यह आशंका जताई जा रही है कि आरोपी नकली नोटों की सप्लाई अन्य क्षेत्रों में भी करता था। STF अब इस पूरे नेटवर्क की कड़ी दर कड़ी जांच में जुटी हुई है।

कार्रवाई में निरीक्षक गणेश सिंह ठाकुर, निरीक्षक निकिता शुक्ला, उप निरीक्षक गोपाल विश्वकर्मा (मुख्य भूमिका), प्रधान आरक्षक विनय कोरी, अंजनी कुमार पाठक, आरक्षक राहुल रजक, रूपेश राय, नीलेश दुबे, गोविंद सूर्यवंशी एवं राहुल रघुवंशी की सक्रिय भूमिका रही। टीम ने योजना बनाकर पूरी सतर्कता के साथ दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के लिए कृष्णा लोधी को जबलपुर ले जाया गया है।

### वार्डवार राजस्व उपनिरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक का दल गठित

# 11 व उससे अधिक दर्ज मतदाताओं का होगा भौतिक सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मप्र राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के पालन में अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नगर पालिक निगम कटनी के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम कटनी की फोटोयुक्त मतदाता सूची में एक की मकान, गृह में 11 एवं उससे अधिक दर्ज मतदाताओं के भौतिक सत्यापन का कार्य किया जाना है।

### सत्यापन एक सप्ताह में पूर्ण करें

उपरोक्त संबंध में उपायुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा एक आदेश जारी करते हुए निगम के सहायक राजस्व निरीक्षकों को अपने वार्ड से संबंधित फोटोयुक्त मतदाता सूची में एक ही मकान में 11 एवं उससे अधिक दर्ज मतदाताओं का भौतिक सत्यापन एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए है। वहीं राजस्व उप निरीक्षकों को समय-सीमा में कार्य संपादित कराया जाने एवं प्रतिदिन के कार्य की प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया है।



### इनकी लगी डयूटी

वार्ड क्रमांक 1 से 7 तक की भाग संख्या के मतदाताओं का भौतिक सत्यापन का कार्य कराये जाने हेतु राजस्व उप निरीक्षक राजकुमार प्यासी की ड्यूटी लगायी है तथा इनके साथ पांच सहायक राजस्व निरीक्षकों को संलग्न किया गया है। वहीं वार्ड क्रमांक 8 से 16 तक की भाग संख्या के मतदाताओं का भौतिक सत्यापन का कार्य कराये जाने हेतु राजस्व उप निरीक्षक लवकुश तिवारी की ड्यूटी लगायी है तथा इनके साथ सात सहायक राजस्व निरीक्षकों को संलग्न किया गया है। जबकि वार्ड क्रमांक 17 से 27 तक की भाग संख्या के मतदाताओं का भौतिक सत्यापन का कार्य कराये जाने हेतु राजस्व उप निरीक्षक प्रकाश पांडेय की ड्यूटी जाकर इनके साथ दस सहायक राजस्व निरीक्षकों को संलग्न किया गया है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 28 से 30 तक की भाग संख्या के मतदाताओं के भौतिक सत्यापन हेतु राजस्व उप निरीक्षक प्रकाश पांडेय की ड्यूटी लगाई जाकर इनके साथ दो सहायक राजस्व निरीक्षकों को संलग्न किया गया है। वार्ड क्रमांक 31 से 38 तक मतदाताओं के भौतिक सत्यापन हेतु राजस्व उप निरीक्षक मुकेश राजपूत के साथ पांच लोगों को संलग्न किया गया है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 39 से 45 तक के मतदाताओं के भौतिक सत्यापन हेतु सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक के साथ सात लोगों को संलग्न करते हुए निर्वाचन का कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए है।

### कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

नगर पालिक निगम कटनी की फोटोयुक्त मतदाता सूची में एक की मकान, गृह में 11 एवं उससे अधिक दर्ज मतदाताओं के भौतिक सत्यापन के कार्य हेतु निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर गुरुवार को राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर पाठक की मौजूदगी में इस कार्य में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान ई-के.वाई.सी एवं राजस्व वसूली कार्य की भी समीक्षा की जाकर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गए।

# कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में सामग्री वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी

सिलौंडी के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में मप्र राज्य वन विकास निगम कुंडम की चौकी सिलौंडी के माध्यम से बालिकाओं को सामान्य ज्ञान की किताब , अंग्रजी की डिसकनरी और लांच के साथ खेल सामग्री ,बड़ी लाइट का वितरण मुख्य अतिथि बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के हाथ से हुआ । वन विकास निगम के मनीष रौर परियोजना अधिकारी ने बताया कि बालिका के शिक्षा में बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर वर्ष वन विकास निगम सामग्री का वितरण करता है । विधायक ने बालिकाओं को मन लगाकर पढ़ाई करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन करने की बात कही । कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ,मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, सरपंच पंचों संतोष कुमार ,उपसरपंच राहुल राय,पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय ,किशन



राय ,मंडल उपाध्यक्ष अमित राय,सरपंच अनिल सिंह बागरी, पूर्व सरपंच गणेश साहू, सुशील साहू , किशन राय गणेश राय ,विजय राय , मोती काछी ,जिला शिक्षा अधिकारी मरावी जी , बी ई ओ लखन सिंह बागरी , जय नारायण राय ,वन विकास निगम से विनोद धुर्वे ,डिप्टी रेंजर सिलौंडी, चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल, आरक्षक अतुल शर्मा , सुखदेव मार्सकोले,बलराम टिकरिया आलोक पटेल,सुखदेव कुमार , अधीक्षक उर्मिला कुलस्ते ,सहायक अधीक्षक प्रतिभा सिंह सहित बालिकाओ की मौजूदगी रही ।

## खबर संक्षेप

### गुनौर पुलिस ने चलाया नशा से दूरी है जरूरी अभियान

**गुनौर।** पुलिस विभाग ने नशे की रोकथाम के लिए अभियान शुरू किया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल ने प्रदेश के समस्त जिलों में नशामुक्ति अभियान का आयोजन करने के निर्देश जारी किए हैं। जिसमें युवाओं, स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं को नशे की लत से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में गुनौर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मान सिंह टेकाम व थाना प्रभारी सुशील कुमार ने नगर के सत्य निकेतन पब्लिक स्कूल में नशा मुक्ति अभियान को लेकर बच्चों से संवाद किया एवं बच्चों को शपथ दिलाई गई की ना नशा करेंगे ना नशा किसी को करने देंगे।

### थाना परिषद में ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों की बैठक सम्पन्न

**गुनौर।** ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों के साथ गुनौर थाना परिषद में बैठक ली सभी थाना प्रभारी सहित एसडीओपी गुनौर ने सभी को सक्रिय रहकर कार्य करने पुलिस का सहयोग करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था संबंधी सूचनाएं थाने पर देने की अपील कि ग्राम रक्षा समिति सदस्यों का गुनौर में नाईट गश्त, पैदल मार्च में पुलिस के साथ रखकर सहयोग लिया जाएगा त्यौहारों, वीआईपी मूवमेंट, चुनाव ड्यूटी, गश्त, भ्रमण आदि कार्यो में भी लिया जायेगा ग्राम रक्षा समिति का सहयोग बैठक में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मान सिंह टेकाम व थाना प्रभारी सुशील कुमार , सहित रक्षा समिति के सदस्य सम्मिलित हुए।

### धर्मेंद्र कृष्ण के सानिध्य निकली कलश यात्रा

**पवई।** नगर के प्राचीन सिद्ध स्थल माता कलेही मंदिर परिसर मे आम जन के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया है।

## जगदीश यादव नि-क्षय मित्र बने

**दमोह।** हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर बलारपुर में बीडीसी सदस्य जगदीश यादव की विशेष उपस्थिति में ग्रामवासियों को टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत ''टीबी हारेगा, देश जीतेगा'' की शपथ दिलाई गई। इस दौरान उन्हे नि-क्षय मित्र भी बनाया गया।

### नोहलेश्वर धाम नोहटा में 7.95 करोड़ रुपये की राशि से होने वाले विकास कार्यों का किया भूमि पूजन

# जबेरा को प्रदेश में नंबर वन बनाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जबेरा विधानसभा एवं जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम नोहटा में हजारों वर्ष पुराने कलचुरी कालीन नोहलेश्वर मंदिर के सौंदर्य करण एवं विकास कार्यों के लिए पर्यटन विभाग के द्वारा 7.95 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। जिसका गुरुवार को पर्यटन विभाग के मंत्री एवं स्थानीय विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा भूमि पूजन किया गया। इस दौरान राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि 334 लाख रुपये की लागत से देव श्री नोहश्वर मंदिर के समीप बाउंड्री वॉल, बैठने के लिए चबूतरा, राहगीरों को चलने के लिए पाथवे एवं रोड के साइड में वृक्ष एवं लाइटिंग की संपूर्ण व्यवस्था की जायेगी। साथ ही 60 लाख रुपए की लागत से ग्राम नोहटा के प्रवेश एवं निगमन स्थान रोड पर दो प्रवेश द्वार और 31 लाख रुपए की लागत से उप तहसील परिसर के सामने वाले पार्क का सौंदर्यीकरण, बाउंड्री वॉल एवं रानी अवंती बाई प्रवेश द्वार में लाइटिंग की व्यवस्था करायी जायेगी। इसी तरह 89 लाख रुपए की लागत से ग्राम में रोड डिवाइडर को बेहतर बनाकर उस पर लाइटिंग एवं पेड़ पौधे लगाने का कार्य किया जायेगा एवं 15 लाख रुपए की लागत से नोहलेश्वर मंदिर के समीप मंदिर में आने वाले पर्यटकों हेतु पार्किंग की व्यवस्था और 80 लाख रुपए की लागत से हाई मास्क लाइट एवं स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जाएगी। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि मेरा संकल्प है कि जबेरा विधानसभा को प्रदेश में नंबर वन की विधानसभा बनाया जाएं और इसी लक्ष्य को लेकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जबेरा विधानसभा में निरंतर विभिन्न प्रकार के विकास कार्य किए जा रहे हैं। जिसमें प्रमुख रूप से शिक्षा के क्षेत्र में निशुल्क नवोदय कोचिंग, बड़े-बड़े खेल स्टेडियम, यात्री प्रतीक्षालय, खेलकूद प्रतियोगिता, नल जल योजना, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य केदो का निर्माण, टीन सेड ,चबूतरा निर्माण, आंगनवाड़ी भवन एवं मेलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे विभिन्न कार्य हम कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पर्यटन विभाग से कार्यपालन यंत्री मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन निगम अनूप गुप्ता, सहायक यंत्री मनी डेहरिया, उपयंत्री विवेक चौबे, निर्माण एजेंसी ठेकेदार राकेश पंडल, साइट इंजीनियर रामकृपाल पटेल, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, मंडल अध्यक्ष मूरत सिंह, सतपाल सिंह, मनदीप यादव, संग्राम सिंह,संत कुमार पाल, नर्मदा प्रसाद राय, कमल सिंघई, नीरज जायसवाल, कृष्णभाव फाउंडेशन के चेयरमैन सत्येंद्र सिंह, जिला लोधी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष भाव सिंह लोधी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र वासियों की उपस्थिति रही।

## पीएम श्री एकीकृत माध्यमिक शाला में पहुंचा मध्यान भोजन



**तेंदूखेड़ा।** 1 जुलाई से 23 जुलाई तक नगर से किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बम्हौरी पाँ जीमें स्थित पीएम श्री एकीकृत माध्यमिक शाला में गुरुवार को मध्यान भोजन के दोनों समूहो के द्वारा स्कूल में मीनू अनुसार भोजन बच्चों को पहुंचा बच्चों ने लगभग 3 सप्ताह के बाद मध्यान भोजन ग्रहण किया। इस दौरान बच्चे काफी खुश नजर आए ज्ञात हो की स्कूल प्रांगण में किचन सेट नहीं है जिसके चलते गांव से मध्यान भोजन बनाकर स्कूल पहुंचता है। प्राइमरी स्कूल में मध्यान भोजन राधा कृष्ण स्वः सहायता समूह द्वारा तो माध्यमिक शाला में प्रगति स्वः सहायता समूह द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। बुधवार को स्कूल में मध्यान भोजन बंद की जानकारी लगने पर कलेक्टर के द्वारा तत्काल ही जिला टाक्स मैनेजर राखी याग्निक को भेजा गया था जिसके बाद मध्यान भोजन की व्यवस्था शुरू हो सकी है।

## अवैध शराब बिक्री रोकने भगवती मानव कल्याण संगठन ने सौंपा ज्ञापन



**दमोह।** जिले में अवैध शराब बंद कराने के भगवती मानव कल्याण संगठन ने कलेक्टर दमोह के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा गया कि शराबियों से त्रस्त आम जन मानुष दमोह जिले में 'चरम सीमा में अबैध शराब का विक्रय किया जा रहा है। जिससे समाज के लोग महिलाऐं परेशान है। गांव गांव में जो अबैध शराब बेची जा रही है जिससे बच्ची बच्चो को स्कूल जाने में, मंदिर जाने में गांव के लोगों को परेशानी जा रही है और जिससे लड़ाई झगड़े की स्थिति बनी हुई है एवं धार्मिक व्यवस्थाएँ बिगड़ रहीं हैं । म.प्र. शासन का 15 जुलाई से 30 जुलाई तक का नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। उसके वावजूद भी संपूर्ण जिले में अवैध शराब वेची जा रहा है। जिससे आम जनमानव में आकोश व्याप्त है। संपूर्ण जिले की अवैध शराब बंद कराने की अगर दमोह जिले की अवैध शराब बंद नही होती है तो भगवती मानव कल्याण संगठन वृहद आनदोलन करेगा जिसकी संपूर्ण जबावदारी शासन प्रशासन की होगी।

## बांदकपुर में कांवड़ यात्रियों का हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बांदकपुर श्रवण के पवित्र महीने में देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में हजारों की संख्या में कांवरिया बंधु पहुंच रहे हैं। गुरुवार को गैसाबाद के प्रसिद्ध जल खंडेश्वर महादेव जी के धाम से पैदल यात्रा कर 50 से अधिक भक्तों का जत्था बांदकपुर धाम पहुंचा। बांदकपुर धाम पहुंचने पर श्री जागेश्वर नाथ भक्त मंडल, बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा बांदकपुर धाम में बाजे-गाजों और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। इसके पूर्व ग्राम गूंजी के गोलोक धाम में तुलसीराम तिवारी जी की टीम ने भी कांवरिया बंधुओं का भव्य स्वागत किया और वृक्षारोपण किया गया। स्वागत कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला संयोजक गोलू चौबे, बांदकपुर नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक, शंकर गौतम, श्रीकांत चौरसिया, निर्देश अवस्थी और अशोक दुबे की उपस्थिति रही। कांवड़ यात्रा में पधारे रजनीश तिवारी, चंद्रभान उपाध्याय, राजू राठौर और अन्य भक्त शामिल रहे।

## शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पीएमयूएम शिक्षक संघ दमोह के द्वारा आदरणीय जिला शिक्षा अधिकारी जी को निम्न मांगों के ज्ञापन सौंपा। विभिन्न मांगें जुलाई 2013 में नियुक्त हुए शिक्षक जिनके 12 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण हो चुकी है उन सभी शिक्षकों के क्रमोन्नति के आदेश के जारी करवाने के लिए। नव नियुक्त शिक्षक जिन्होंने परिवीक्षा अवधि सफलता पूर्वक पूर्ण करली है उन सभी शिक्षकों के परिवीक्षा अवधि समाप्ति के आदेश एवं पूर्ण वेतन के लिए। पूर्व में जिन शिक्षकों के क्रमोन्नति के आदेश जारी हो चुके है उन सभी के एरियर के भुगतान के लिए। मंहगाई भत्ता के एरियर के भुगतान के लिए। सातवें वेतन मान की चौथी एवं पांचवी किस्त शेष शिक्षकों को भुगतान के लिए। ज्ञापन में पीएमयूएम शिक्षक संघ दमोह जिला अध्यक्ष पवन खरे, कैलाश असाटी, कार्यकारी जिला अध्यक्ष पारस साहू, जिला प्रवक्ता अजय रोहित, सह सचिव राम रतन अहिरवाल, प्रमोद प्रजापति, चन्द्र शेखर नामदेव, बैजनाथ नामदेव उपस्थित रहें।

## साइकिल पाकर छात्रों ने खुशी जताई



**जबेरा/बनवार।** हाई स्कूल भाट खमरिया में कक्षा नवमी के छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह, सरपंच प्रतिनिधि पंचम सिंह, उप सरपंच राजेश सिंह, वीरेंद्र सिंह और विद्यालय प्राचार्य कमल सिंह ठाकुर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं को साइकिल मिलने पर वे बहुत खुश नजर आए। कार्यक्रम का उद्धेश्य छात्रों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी सुविधा के लिए साइकिल प्रदान करना था। उपस्थित अतिथियों ने छात्रों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सुरजीत सिंह ठाकुर, मदन मोहन द्विती, हल्ले सिंह, राजदीप तिवारी और जहर अहिरवार सहित ग्राम के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सभी ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर छात्रों ने अपने आभार व्यक्त किया और साइकिल मिलने पर खुशी जताई।

### आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष गजेन्द्र एवं उपाध्यक्ष देवी रजक बने

**दमोह।** म.प्र. लघुवेतम कर्मचारी संघ जिला शाखा दमोह के जिलाअध्यक्ष श्री प्रमोद अहिरवार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि म.प्र.संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सम्मानीय कोमल सिंह के निर्देशानुसार निर्वाचन कराया गया जिसके पश्चात जिलाअध्यक्ष पद हेतु गजेंद्र कुमार अहिरवाल पीआईसीयू वार्डवाय एंव जिला उपाध्यक्ष पद हेतु श्री देवी प्रसाद रजक सपोर्ट स्टाफ पूर्ण बहुमत निर्वाचन हुआ। जिनका सम्मान समारोह अम्बेडकर चौक दमोह में गांजे बाजे ढोल नगाओं के साथ किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के समस्त आउटसोर्स कर्मचारीयों सहित म.प्र.लघुवेतन कर्म.संघ जिला शाखा दमोह के जिला कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार अहिरवाल जिला सचिव अभिषेक राजपूत ने संबंधित नव निर्वाचित अध्यक्ष एंव उपाध्यक्ष को नियुक्त पत्र सौंपकर शुभकामनाऐ प्रेषित की । इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से प्रेम शंकर दानिश रजा कल्पना अहिरवार कृष्णा कुमार आंनद राजकुमार रैकवार योगेश अहिरवार ज्योति पटेल भारत अहिरवार राखी बाल्मीकि ममता अहिरवार बेटी बाई यादव फरजाना वेगम शारदा बालमिकी माया रेकवार गायत्री पाण्डेय अंकित ठाकुर विद्या बाई तारिक रजा मनोज अहिरवार राघवेन्द्र ठाकुर लखन लाल गौड जितेन्द्र अहिरवाल पप्पू रैकवार संध्या अहिरवार राकेश रेकवार भूपेन्द्र अहिरवार पुष्पेन्द अहिरवार कोशल अहिरवार एंव समस्त कर्मचारीयों का सराहनीय उपस्तिथी रही।

## एक परिवार एक वृक्ष अभियान के तहत वृक्षारोपण



**पथरिया।** एक परिवार एक वृक्ष अभियान के अंतर्गत आजाद भारत पार्टी मध्यप्रदेश ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जयंती पर रेलवे स्टेशन रोड भारतीय स्टेट बैंक पथरिया के सामने वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया जिसमें रामरतन यादव राष्ट्रीय संयोजक, सगीर खान महासचिव, धीरज प्रसाद बौद्ध पार्टी प्रवक्ता, मोहन यादव मीडिया प्रभारी, श्रीमती कस्तूरी विश्वकर्मा महिला मोर्चा अध्यक्ष, सीताराम अहिरवार प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष, छोटेलाल अहिरवार अध्यक्ष सलाहकार समिति,संगठन मंत्री श्यामलाल पटेल,धर्मसिंह एडवोकेट चुनाव संचालन समिति, लखन पाली प्रदेश उपाध्यक्ष व एसबीआई शाखा प्रबंधक, हरिनारायण अग्रवाल सदस्य तरुण विश्वकर्मा युवा मोर्चा अध्यक्ष की विशेष उपस्थिति रही।

## हरियाली अमावस्या पर नवांकुर सखी कार्यक्रम शुरू

**पथरिया।** हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर व धरातल जनकल्याण विकास समिति द्वारा ग्राम जमुनिया में ₹हरियाली यात्रा₹ के तहत नवांकुर सखी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मां भारती पूजन और पौधा वितरण के साथ की गई। इस अवसर ब्लॉक समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय ने बताया कि परिषद के माध्यम से प्रत्येक सेक्टर 1100 और विकासखंड में 5500 बीज पैकेट वितरित किए जा रहे हैं। महिला शक्ति को इस अभियान से जोड़कर पर्यावरण संरक्षण में उनकी भूमिका को सशक्त किया जा रहा है उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को न सिर्फ पौधे लगाने हैं बल्कि उनका पालन पोषण भी करना इसके साथ साथ उन्होंने एक पौधा मां नाम अभियान तहत पौधारोपण की बात कही दिलीप पटैल ने बताया कि नवांकुर सखी योजना के अंतर्गत महिलाओं को संगठित कर हरियाली अमावस्या के दिन एक नई



पर्यावरणीय यात्रा की शुरुआत की गई है। धरातल जनकल्याण समिति द्वारा बीज वितरण और पोलीथीन बैग दिए जा रहे गौरव की बात है महिलाओं अब हरियाली यात्रा में कलश लेकर अभियान में जुड़ रही है पिरामल से मोहित जी ने ₹समृद्धि योजना₹ पर प्रकाश डाला और शिक्षा व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने पर बल दिया। कार्यक्रम में शाला त्यागी को प्रवेश दिलाकर संस्था द्वारा विद्यार्थियों को पेन और कॉपी का वितरण भी किया गया। इस अवसर विजय तिवारी, आई.सी.एक्सपर्ट विक्रम सिंह, सीतल पटैल,कोमल पटैल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका,महिला समूह की सदस्य व ग्राम महिलाएं उपस्थित रहीं।

## 125 मरीजों का चेस्ट एक्स-रे किया

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के.अठया ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आज पटेरा विकासखण्ड के बलारपुर हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर में टीबी मरीजों की जल्द पहचान के लिए जोखिम वाले जनसंख्या समूह में स्क्रीनिंग शिविर लगाया गया। टी.बी. स्क्रीनिंग शिविर दौरान 157 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। टी.बी. की आशंका वाले 125 मरीजों का हाथ संचालित एक्स-रे मशीन से छाती का एक्स-रे किया गया। टी.बी. की आशंका वाले 32 लोगों का स्पूटम सेम्पल लेकर जॉच के लिए भेजा गया। इस दौरान ग्राम पंचायत बलारपुर बीडीसी सदस्य जगदीश यादव ने एक टी.बी. मरीज को फूड बास्केट का भी वितरण किया गया। इस दौरान टी.बी. जिला समन्वयक दीपक राजपूत, रेडियोग्राफर सूरज शर्मा, सीएचओ अंजुम बानो, पीरामल प्रतिनिधि लारेंस रायबोले विशेष रूप से मौजूद रहे।

### हादसों में जाती है जान, विद्युत हादसों व करंट से बचा सकती है सावधानियां

# बारिश में बढ़ जाता है करंट का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

बारिश के मौसम में विद्युत करंट का खतरा काफी बढ़ जाता है। इन दिनों बड़ी तादाद में करंट पीड़ित स्वास्थ्य केंद्र व जिला अस्पताल या फिर जबलपुर में भर्ती होते हैं। वर्षाकाल में यदि लोग विद्युत उपकरणों का उपयोग करते समय सावधानी रखें तो बिजली जनित हादसों की तादाद में काफी गिरावट दर्ज की जा सकती है इस संबंध में विद्युत विभाग द्वारा जहां एडवाइजरी जारी की जाती है। वहीं पुलिस विभाग स्वास्थ्य व इलेक्ट्रिक व्यवसाय से जुड़े लोगों ने भी लोगों के आग्रह किया है कि वह कुछ एहतियातें बरतकर करंट से बच सकते हैं एवं सावधानी से काम करें जिससे हादसा घटित ना हो।

विद्युत पोल से मवेशी न बांधें, उन्हें छूने से बचें और दूरी बनाए रखें बिजली विभाग के सहायक अभियंता एम एफ अंसारी ने बताया कि बारिश के दिनों में बिजली के खंभों को छूने से बचें। उसके आसपास अपने मवेशियों को न बांधें। यथासंभव बिजली लाइनों के नीचे कोई भी प्रोग्राम न करें। नए भवनों से बिजली लाइनों की उचित दूरी बनाए रखें। खेत की मेड़, पाल पर यदि बिजली खंभा लगा है तो उचित दूरी रख कर ही जुताई करें बिजली खंभे पर यदि स्पार्किंग हो रही है तो तुरंत अपने फीडर इंचार्ज अथवा संबंधित सब स्टेशन पर सूचना दें। यदि बारिश में खंभे पर तेज स्पार्क हो रहा हो और आसपास पानी भरा हुआ है तो उस रास्ते से या पानी में जाने से बचें व दूसरों को भी सावधान करें यदि बिजली के तार किसी पेड़ के निकट से गुजर रहे हो तो किसी भी स्थिति में उस पर चढ़ने या लटकने से बचें।



**एम एफ अंसारी**
**सहायक अभियंता तेन्दूखेड़ा**

### बिजली फिटिंग करवाते समय उसमें अर्थिंग जरूर दें



इलेक्ट्रिशियन शाहिद खान ने सलाह दी है कि विद्युत करंट से बचने के लिए घर में उपकरण अच्छी क्वालिटी के ही उपयोग करें। घर के अंदर बिजी फिटिंग में अर्थिंग जरूर कराएं व अपने उपकरण को उससे जोड़ें अपने सभी स्विच, एमसीबी, इएलसीबी उच्च कोटि की ही काम में लाएं बगैर जानकारी के किसी भी उपकरण को छूने या खोलने से बचे। यदि बारिश की वजह से कोई लाइन ढीली पड़ गई हो या सड़क के उपर से नीचे हो तो तुरंत अपने फीडर इंचार्ज, जेई एन या फिर सब स्टेशन पर सूचना देवे ताकि समय पर सुधार हो सके अपनी जान मुसीबत में न डालें। - **शाहिद खान, तेन्दूखेड़ा**

### इस तरह बचाई जा सकती है करंट पीड़ित की जान

थाना प्रभारी नीतेश जैन ने बताया कि बारिश के दिनों में करंट पीड़ितों की संख्या बढ़ जाती है। इस वजह से इस वर्ष कुछ लोग जान भी गंवा चुके हैं यदि कोई व्यक्ति बिजली के गिरफ्त में हो तो तुरंत उसे बचाने हेतु सबसे पहले अपने आप को किसी सूखी जगह पर होना सुनिश्चित करें फिर अपने जूते जो भीगे ना हो कोई भी धातु लगे ना हो वह पहने। फिर लकड़ी या प्लास्टिक के सूखे डंडे से उसे छुड़ाने का प्रयास करें। यदि करंट घर में लगा है तो सबसे पहले मैन स्विच ऑफ करें और पेसेंट को नजदीकी अस्पताल ले जाएं।



**नीतेश जैन**
**थाना प्रभारी तेन्दूखेड़ा**

### हर तरफ व्याप्त नमी बनती है दुर्घटना का कारण

गोविंद सिंह लोधी ने बताया कि वर्षाकाल में बड़ी संख्या में करंट पीडित अस्पताल में भर्ती होते हैं। परिजनों से ज्ञात होता है कि विद्युत लाइन, खंभे व घर में कोई उपकरण का सुधार करते वक्त उन्हे करंट लगा है। जबकि इन दिनों सभी ओर व्याप्त नमी विद्युत की चालक बन जाती है। लोगों को चाहिए कि इन हादसों से बचने के लिए वह सुधार कार्य करते वक्त सूखी स्पंज की चप्पलों या लकड़ी के स्टूल का उपयोग सहित पर्याप्त सावधानी बरतें, इससे हादसा टल सकता है। हादसा होने पर मरीज सहित उसका पूरा परिवार परेशान होता है।



**गोविंद सिंह लोधी तेन्दूखेड़ा**

## एक पेड़ मां के नाम रोपित कर दिया हरियाली का संदेश



**जबेरा।** मध्य प्रदेश शासन एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था स्व श्री नन्हू सिंह पटेल समाजसेवी संस्था जलहरी सेक्टर जबेरा के अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भाटखमरिया ग्राम पंचायत में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला उपाध्यक्ष रुपेश सेन, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. सुजान सिंह, सरपंच श्रीमती साधना सिंह आदिवासी, सरपंच प्रतिनिधि पंचम सिंह, पंचायत सचिव जन्मेजय दत्त दुबे, रानू नामदेव,नीरज जायसवाल एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक जबेरा द्वारा भारत माता पूजन से हुआ। अतिथियों का स्वागत संस्था प्रतिनिधि मुल्तान सिंह लोधी एवं प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष बेड़ी राय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के परामर्शदाता घनश्याम सिंह लोधी ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि "पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने हेतु एक पेड़ मां के नाम रोपित कर यह संदेश जन-जन तक पहुंचाना ही हमारा संकल्प है। इस दौरान गांव के मुख्य मार्गों से महिला सखियों ने कलश यात्रा निकालकर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं उपाध्यक्ष महोदय ने समिति के इस प्रयास को पर्यावरण के लिए वरदान बताया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा आंवला, आम व अमरूद के पौधे रोपित किए गए एवं नवांकुर सखियों को थैलियां एवं बीज वितरित किए गए। कार्यक्रम में लेखन अहिरवाल समिति अध्यक्ष, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्याम बाई, रुकमणी राय, आशा कार्यकर्ता प्रीति जैन सहित ग्राम के अनेक महिला एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह पहल क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

## खबर संक्षेप

### बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य दो दिवसीय दौरे पर दमोह आयेंगे

**दमोह।** बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य द्वय औंकार सिंह एवं डॉ. निवेदिता शर्मा 27 जुलाई को रात्रि 08 बजे दमोह आयेंगे। आप रात्रि विश्राम सर्किट हाउस दमोह में करेंगे। सदस्य द्वय 28 जुलाई को आयोग द्वारा संज्ञान में लिये गये प्रकरणों के निराकरण हेतु आयोजित समीक्षा बैठक में सम्मिलित/निरीक्षण एवं रात्रि विश्राम करेंगे। आप 29 जुलाई को प्रातः 08 बजे दमोह से छतरपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### अभ्यर्थियों को दिया मतगणना का प्रशिक्षण

**दमोह।** जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक-16 गैसाबाद उपचुनाव निर्वाचन 2025 (पूर्वार्ध) के लिए हुए मतदान की मतगणना के संबंध में रिटर्निंग अधिकारी हटा राकेश सिंह मरकाम ने बताया मतगणना के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत हेतु एक टेबल लगाई गई हैं इस प्रकार तीन टेबल पर मतगणना का कार्य होगा। उन्होंने अभ्यर्थीयों से अपने मतगणना अभिकर्ताओं के साथ प्रातः 07 बजे उपस्थित होने का आग्रह किया। उन्होंनें बताया मतगणना 26 जुलाई को प्रातः 08 बजे से मतगणना का कार्य प्रारंभ होगा, इसके पूर्व स्ट्रांग रूम को खोला जाएगा।

### जिले में 637.5 मि.मी. वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 637.5 मि.मी. अर्थात 25.0 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 259.4 मि.मी. अर्थात 10.2 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 378.1 मि.मी. अर्थात 14.8 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा जबेरा में 711.0 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक वर्षा दुबे ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 705.0 मि.मी., हटा 629.7 मि.मी., जबेरा में 711.0 मि.मी. पथरिया 682.0 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 548.2 मि.मी, बटियागढ़ 605.0 मि.मी. तथा पटेरा में 582.0 मि.मी., वर्षा दर्ज की गई है।दैनिक वर्षा के तहत जिले में 24.0 मि.मी. अर्थात 0.9 इंच वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र दमोह में 3.0 मि.मी., हटा में 9.8 मि.मी., जबेरा में 4.0 मि.मी., पथरिया 67.0 मि.मी., तेंदूखेड़ा में 7.6 मि.मी., बटियागढ़ में 28.0 मि.मी., पटेरा में 49.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक औसत वर्षा 1246.6 मि.मी. है।

### पुलिस-प्रशासन-वनविभाग के अधिकारियों की अहम बैठक संपन्न

# कलेक्ट्रेट में समन्वय शाखा बनेगी, अंतर्विभागीय समन्वय से संबंधित मुद्दों का करेगी निराकरण

**टाइगर रिज़र्व व अभ्यारण्य के 10 किलोमीटर तक के दायरे में नए शस्त्र लाइसेंस इश्यू नहीं करने और नवीनीकरण नहीं करने के दिये गये निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में समस्त विभागों की एक संयुक्त समन्वय बैठक आयोजित की गई। जिले में यह पहली बैठक थी जिसमें जिले के सभी विभागो से संबंधित विषयों पर गंभीरता से डिस्कॅशन किया गया और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस संबंध में कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आगे हमारा प्रयास यही रहेगा की हर महीने कम से कम एक बार यह समन्वय बैठक हो ताकि विभागों के बीच में जो अंतर विभागीय प्रकरण पेंडिंग रहते हैं, उनका समय सीमा में निराकरण हो सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, रानीदुर्गावती टाईगर रिजर्व उप संचालक ए.ए.अंसारी, वनमंडलाधिकारी ईश्वर जरांडे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, सहायक कलेक्टर ऋषिकेश ठाकरे, सभी एस.डी.एम, तहसीलदार, नायाब तहसीलदार के अलावा पुलिस के अधिकारी, थाना प्रभारी, एस.डी.ओ फारेस्ट, परिवहन, आबकारी, खनिज, नगरीय विकास विभाग सहित जिलाधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा पुलिस से संबंधित कई विषयों पर चर्चा की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाईयों में किस तरीके से समय सीमा के अंतर्गत करना है। एक महत्वपूर्ण निर्णय यह लिया गया कि हर मंगलवार को जन सुनवाई में 30-40 प्रतिशत मुद्दे दो लोगों के बीच में जमीन के विवाद होते हैं और उसमें शांति भंग होने की आशंका होती है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा निर्णय लिया है कि अगले मंगलवार से थाना स्तर पर एक संयुक्त जन सुनवाई रहेगी, जिसमें केवल जमीन विवाद के प्रकरण को देखा जाएगा, थाने में नायब तहसीलदार, पटवारी,थाने का स्टाफ और थाना प्रभारी रहेंगे और यह दोनों मिल-करके जन सुनवाई के आवेदन का निराकरण करेंगे तो यह नई व्यवस्था अगले मंगलवार से शुरू की जा रही हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा विस्थापन से संबंधित समस्याएं जिसमें विस्थापित लोगों को मुआवजा मिल गया है, उन लोगों को स्थलों से बाहर निकलने के निर्देश देने है और जो कार्रवाईयां करनी उसके बारे में चर्चा हुई जहाँ पर पात्रता और अपात्रता को लेकर के निर्णय क्लियर करना है, तो हमारा निर्णय यही था कि इस महीने के अंत तक कुछ गांव जहाँ पर पात्रता अपात्रता के निर्णय शेष बचे हुए है वह पूरी तरह से खत्म किये जायें ताकि एक अंतिम निर्णय होने के बाद लोगों को भी क्लैरिटी हो कि उनके साथ किस तरह की आगे की कार्रवाई होनी है। इसी प्रकार से हमारे टाइगर रिज़र्व और अभयारण्य में 10 किलोमीटर तक के दायरे में शस्त्र लाइसेंस नए इश्यू नहीं किये जायेंगे हैं और शस्त्र लाइसेंसों का नवीनीकरण भी नहीं होना है, इस संबंध में भी सभी को निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा खनिज विभाग से संबंधित भी कई सारे विषय आए तो जहाँ-जहाँ अनापत्तियाँ अलग-अलग विभागों यथा फॅारेस्ट, रेवेन्यू से लेनी है, वह केसेस पेंडिंग है उनका निराकरण समय सीमा में हो जाए, एक निर्णय और लिया है कि कलेक्ट्रेट में समन्वय शाखा बन रही है, कलेक्ट्रेट में जैसे अलग-अलग तरह की शाखाएं होती है, उसमें एक नयी शाखा समन्वय शाखा बना रहे है और उस शाखा में क्लेरिकल स्टाफ, एक प्रभारी अधिकारी रहेगा और यह निर्णय लिया गया है कि अंतर्विभागीय समन्वय से सम्बंधित कोई भी इश्यू आते है सारे इस शाखा के पास आएँगे और यही शाखा हर महीने इस मीटिंग को कोर्डिनेट करने का काम भी करेगी।

## अमृत सरोवर निर्माण की हो निष्पक्ष जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

अमृत सरोवर योजना केंद्र सरकार की मनसानुसार जल सरंक्षण व ग्रामीण आजीविका को बढावा देना, मत्स्य पालन,कृषि सिचाई सहित विभिन्न गतिविधियों के उद्देश्य से चिन्हित किया गया हैं। एक ऐसा ही गंभीर मामला जनपद पंचायत पथरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत रजवाँस के ग्राम घोगरी गुलाल का है जहाँ कई वर्षो से करीब 300 मीटर लम्बी,100 मीटर चौड़ी और 15 से 20 फ़िट गहरी कई सालों से बहुत बड़ी मौजूदा खदान रहीं है। पत्थर नीलामी की खदान पर अमृत सरोवर के नाम पर लाखों रुपए की राशि उक्त खदान खसरा नंबर 78/1 पर अनुसार वर्ष 2011-12 के लगभग जिले (खनिज विभाग) से पत्थर नीलामी के लिए रजवाँस के किसी व्यक्ति को करीब पाँच वर्ष के लिए दी गई थी एवं उक्त खसरा 78/1 पर वर्ष 2014 से वर्ष 2015 तक गनेश प्रजापति को पत्थर खनन नीलामी की अनुमति प्रदान की गई थी। उक्त खदान पर कई दशको से अवैध रूप से पत्थर (बड़े,छोटे बोल्डरो) की खुदाई हो रही है। लाल पत्थर के घर, बाउण्ड्रीबाल, खखरी ग्राम घोगरी, रजवाँस, लखरोनी, पथरिया, किद्रहो,सेमरा लोधी सहित कई गांव में देखे जा सकते हैं।

### उपयंत्री ने कर दी भौतिक एवं तकनीकि स्वीकृति

पूर्व से बड़ी खदान और लखरोनी पंचायत मौजे की सीमा खत्म से भरपूर पत्थरो वाली सड़क है और उक्त खदान में केवल लाल पत्थर और बहुत कम मात्रा में मिट्टी होने के कारण कभी जल संचय नहीं हो पाया पूर्व से खदान के समीप एक परकुलेशन टैंक भी निर्मित है उपयंत्री ने अमृत सरोवर की स्वीकृति राशि करीब 29 लाख रुपए एवं सड़क की राशि 27 लाख रुपए हुई थी जिसमें तीन पुलिया,नाली, करीब पंद्रह सौ मीटर लम्बी सडक, 27 फ़िट चौड़ी सड़क,साइन बोर्ड सहित अन्य और भी कई चीजे शामिल है और संपूर्ण कार्य मनरेगा अंतर्गत होना था।

### पुलियों में किया घटिया सामाग्री का उपयोग

निर्माण करवाई गई तीन पुलियों में स्तरहीन पुलिया,सामग्री का उपयोग किया गया है इनमें काली डस्ट,लाल पत्थर क्रेशर वाली रेत,कम सीमेंट है और पुलियों की तराई पुताई भी नहीं की गई जिससे एक पुलिया बहुत पहले से क्षतिग्रस्त हैं। सभी कार्य मशीनों से कराए गए स्थानीय लोगों को नहीं मिला काम- माह जनवरी,फरवरी वर्ष 2023 में जेसीबी मशीन से खुदाई की गई थी और कई ट्राली बड़े बोल्डर और छोटे बोल्डर/मिट्टी/मुरम/ रातोंरात बेंची गई गए थी उक्त सड़क में खुदाई कर लगभग तीन-चार सौ ट्राली पत्थर/मिट्टी/मुरम डाली गई थी मुख्य रूप से ग्राम घोगरी, लखरोनी, रजवाँस, किंद्रहो, सेमरा लोधी के जरूरतमन्द मजदूरो को नहीं मिला काम 10 किलोमीटर से भी अधिक दूर के मजदूरो के मस्टरो पर फ़र्जी नाम चढ़ाकर कई लाख रुपए की राशि निकासी की गई।

### योजना में महत्वपूर्ण नियमो का नहीं किया पालन

ग्राम घोगरी गुलाल में एव मुख्य सड़क से लखरोनी की ओर सडक पर अतिक्रमण नहीं हटाया गया,उक्त योजना का बोर्ड नहीं लगाया गया,भौतिक,तकनीकि स्वीकृति के विपरीत कार्य किया गया, मस्टरो में बाहरी व फ़र्जी मजदूरो के नाम चढ़ाए गए और राशि निकासी की गई,मजदूरी के अनुपात से भी अधिक सामग्री पर राशि आहरण की गई।

### उक्त खदान में जल संचय नहीं हो पाता फरवरी

मार्च के अंत में ही बिना जल उपयोग के पूरा पानी सूख जाता है इस योजना में न लोगों को काम मिला न पशुओं, पक्षियों को पानी नसीब हो सका न मत्स्य पालन हो सका और न अन्य किसी भी प्रकार से अमृत सरोवर अनुपयोगी सिद्ध हुआ।

### जल भराव व कीचड़ से सड़क आवागमन अवरुद्ध

पच्चीस लाख रुपए से भी अधिक रुपए की राशि व्यय होने के पश्चात बारिश के दौरान पूर्ण रूप से वाहनों का आवागमन बाधित हो जाता है और दुर्घटनाएं भी होती रहती है। जिम्मेदार नागरिकों ने शासन प्रशासन से जिले के अन्य अधिकारियों से बात उक्त निमार्ण कार्य की निष्पक्ष एजेंसी द्वारा जाँच करवाने की मांग की है।

## शताब्दी वर्ष आयोजन की श्रंखला पांच वर्षो तक चलेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ,दमोह पर जिला स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ताओं को संबंधित करते हुए शांतिकुंज,हरिद्वार से पधारे पंडित प्रभाकांत तिवारी और महेश राठौर ने बतलाया कि वंदनीय माताजी और अखंड दीपक की शताब्दी वर्ष 2026 से लगातार आगामी 5 वर्षों तक वृहद स्तर पर सम्पूर्ण देश के अलग अलग हिस्सों में मनाई जाएगी। 20 जनवरी 2026 से 23 जनवरी 2026 में शांतिकुंज, हरिद्वार में अत्यंत सक्रिय मात्र सवा लाख कार्यकर्ताओं को इसमें शामिल होने की अनुमति मिलेगी,जिनके विवरण सहित फार्म भरवाने विभिन्न जिलों के प्रवास के संबंध में दमोह आए है। वर्ष 2027 में देश के चारों क्षेत्रों में और मध्य क्षेत्र में 5 अश्वमेध सहस्त्र कुंडीय यज्ञ के माध्यम से जन चेतना को जन कल्याण के कार्य में प्रवत्त होने संदेश दिया जाएगा। वर्ष 2028 में देश के 108 जिलों में 108 कुंडीय यज्ञों के माध्यम से लोगों को सत्प्रवृत्ति अपनाने और दुशवृत्तियों को त्यागने के लिए विवश किया जाएगा। वर्ष 2029 और 2030 के आयोजनों की रूपरेखा अगले वर्ष घोषित की जाएगी। दमोह से जिले भर के लोगों में से अभी मात्र 58 लोगों को ही वर्ष 2026 के पहले आयोजन में भागीदारी के लिए उपयुक्त पाया गया, शेष लोगों को नियमित 10 माला गायत्री मंत्र की और 1 माला महामृत्युंजय मंत्र की करने निर्देश दिए गए। आगामी नवंबर माह में पुनः एक टोली शांतिकुंज से दमोह आयेगी। आज की गोष्ठी में दमोह के साथ,पथरिया,हटा, बटियागढ़, तेंदूखेड़ा, जबेरा और पटेरा से सक्रिय परिजन पधारे थे।

## विद्यार्थियों को बांटी मुफ्त साइकिलें



बनवार। जबेरा विधायक एवं संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्होरी माला में 90 छात्र-छात्राओं को मुफ्त साइकिल वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों और उपस्थित जनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। मंत्री ने कहा कि नशा एक गंभीर समस्या है, जिसे व्यक्ति, परिवार और समाज के संयुक्त प्रयास से ही खत्म किया जा सकता है। उन्होंने नशे के दुष्प्रभाव के बारे में अपने व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किए। मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि नशा मुक्त समाज बनाने के लिए हमें जागरूकता फैलाने और नशा मुक्त जीवन को बढ़ावा देने के लिए एकजुट होना चाहिए। नशा मुक्त समाज ही देश को उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा सकता है। इस अवसर पर मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हेमराज राय, नर्मदा प्रसाद राय, राज राय सरपंच प्रतिनिधि रीतेश राय और विद्यालय प्राचार्य गोपाल महोबिया उपस्थित थे। इसके अलावा थाना प्रभारी नोहटा अभिषेक पटेल, विद्यालय और पुलिस स्टाफ, ग्रामवासी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

## घायल गिद्ध का किया सुरक्षित रेस्क्यू



**हटा।** हटा ब्लॉक के ग्राम कुंवरपुर में गिद्ध की सूचना पर वन विभाग की तत्परता एक बार फिर देखने को मिली। जिला वनमण्डल अधिकारी ईश्वर जरांडे के निर्देशन एवं हटा वन परिक्षेत्र अधिकारी ऋषि तिवारी के मार्गदर्शन में यशवंत पांडे सहित विभागीय अमला तत्काल मौके पर पहुंचा। टीम ने घायल गिद्ध को सुरक्षित रेस्क्यू कर इलाज के लिए साथ ले गए। उपचार के बाद गिद्ध को पुनः वन क्षेत्र में सुरक्षित रूप से छोड़ा जाएगा। वन विभाग की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना स्थानीयजनों द्वारा की जा रही है।

## आज से जागेश्वरनाथ धाम में लघु रुद्रात्मक रुद्राभिषेक प्रारंभ होगा

**दमोह।** 25 जुलाई शुक्रवार से 4 अगस्त तक प्रति वर्षानुसार श्री देव जागेश्वर नाथ जी मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशाला में एकादश दिवसीय लघु रुद्रात्मक रुद्राभिषेक का दिव्य भव्य आयोजन कराया जा रहा है मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक एवं प्रवक्ता पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि प्रतिदिन ग्यारह विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा विधिवत रुद्राष्टाध्यायी का पाठ करके रुद्राभिषेक कराया जाएगा मंदिर ट्रस्ट के सचिव पंकज हर्ष श्रीवास्तव ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट के द्वारा रुद्राभिषेक की समस्त तैयारी कर ली गई है जिसमें विशेष रूप से संपूर्ण रुद्राभिषेक इमरती कुंड के जल एवं नर्मदा जल से संपन्न कराया जाएगा रुद्राभिषेक के बाद जागेश्वर नाथ जी मंदिर के गोवर्धन पर्वत पर इन्ही यजमानों के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वृक्षारोपण कराया जाएगा और इस वृक्षारोपण के माध्यम से प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।

## 414 निराश्रित गोवंश को लगाये रेडियम बैल्ट और टेप

**दमोह।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग उपसंचालक डॉ. संजय पाण्डे ने बताया निराश्रित गोवंश की सुरक्षा अभियान अंतर्गत तेंदूखेड़ा में बस स्टैंड मुख्य मार्ग से तारादेही रोड तक रात्रि 8:30 से 10 बजे रात तक सड़कों पर बैठे एवं विचरण कर रहे निराश्रित गोवंश को पशुपालन एवं डेयरी विभाग के डॉ. हरिकांत बिलवार विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी, गौसेवकों एवं आमजन के सहयोग से 167 निराश्रित गोवंश को सींग पर रेडियम टेप एवं रेडियम बेल्ट लगाए गए, ताकि सड़कों पर बैठे निराश्रित गोवंश वाहन चालकों को दूर से ही दिख जाए और दुर्घटना होने से बचाया जा सके। इसी प्रकार विकासखंड पशुचिकित्सा अधिकारी जबेरा डॉ. पंकज चौबे द्वारा ग्राम सिंग्रामपुर तिराहे में क्षेत्र के गौभक्तों एवं जन सहयोग से 247 निराश्रित गोवंश के सींग में रेडियम टेप लगाये गए, जिससे आमजन तथा गोवंश को दुर्घटना से बचाया जा सके।

## रूपेश सेन के सेन समाज प्रदेश अध्यक्ष बनने पर समाज में हर्ष

**जबेरा।** राष्ट्रीय केश शिल्पी संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक एवं केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश सविता द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन को राष्ट्रीय केश शिल्पी सेन समाज का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व तहसीलदार आरडी श्रीवास ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा के वरिष्ठ नेता रूपेश सेन जी की सामाजिक सक्रियता और जन सेवा को देखते



हुए राष्ट्रीय संगठन द्वारा उन्हें प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिनका कार्यकाल 24 जुलाई 2025 से प्रभावशील होकर आगामी आदेश तक जारी रहेगा। इस दौरान वह संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए सेन समाज के विकास और उत्थान के लिए निष्ठा पूर्वक कार्य करते रहेंगे। वही सेन समाज के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन ने अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय संगठन द्वारा जो आशा और विश्वास मुझ पर किया गया है उसे बनाए रखते हुए एवं संगठन और समाज हित को सर्वोपरि मानते हुए निरंतर कार्य किया जाएगा। वरिष्ठ नेता रुपेश सेन के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर सेन समाज में खुशी की लहर दौड़ गई और समाज द्वारा निरंतर बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही हैं। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन के सेन समाज प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर नंदू सेन नोहटा,विक्की सेन, पंकज सेन दमोह, प्रकाश सेन जबलपुर, मुकेश सेन मझौली, भोला सेन कटंगी, विनीत सेन अभाना, किशोरी सेन, रिंकू सेन, हीरा सेन, कल्लू सेन, चंद्रिका सेन, मोहन सेन, रामेश्वर सेन, सुदामा सेन सहित सभी समाज जन ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## दलदल में तब्दील हुआ पहुंच मार्ग

**शमशान घाट सेट के चद्दर गायब, कीचड़ में तब्दील हुआ पहुंच मार्ग**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

पिछली पंचवर्षीय योजना में ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम के श्मशान घाट ब्यारमा नदी के किनारे लाखों की लागत से बनाए गए चबूतरा के ऊपर के टीन सेट हवा में उड़कर बिखर गए हैं चबूतरे पर सिर्फ लोहे के पाइप खड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। खुले आसमान के नीचे बरसात के मौसम में अंतिम संस्कार करने में लोगों को असुविधा हो रही है। चबूतरे पर टीन सेट नहीं होने से कोई छाया यदि की व्यवस्था नहीं होने से बरसात के पानी में अंतिम संस्कार करना मुश्किल होता है। दमोह पन्ना मेंन रोड से शमशान घाट तक जाने वाला पहुंच मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो चुका है पहुंच मार्ग में जगह-जगह गड्ढे और कीचड़ हो जाने के कारण लोगों का यहां से निकलना दूभर हो रहा है। कीचड़ भरे रास्ते से कंधों पर शब लेकर चलने में बहुत परेशानी होती है, ग्रामीणों ने शमशान घाट पर बने चबूतरे पर टीन सेट लगाए जाने की एवं श्मशान घाट तक जाने वाले पहुंच मार्ग रास्ते का सुधार किए जाने की मांग की है।

## प्रसूता के परिजनों से अभद्रता करने वाले दो कर्मचारियों पर मामला दर्ज

**दमोह।** एक दिवस पूर्व भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा जिला चिकित्सालय में नवजात बदलने की शिकायत की गई थी आज उसी मामले में प्रसूता के परिजनों से अभ्रद व्यवहार करने सहित विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर में बताया गया कि ग्राम घाघरी थाना नोहटा दमोह निवासी धर्मेन्द्र सिंह लोधी जो खेती किसानी का काम करता है कि पत्नी गंगाबाई लोधी की डिलेवरी हो चुकी है जो जिला अस्पताल दमोह में भर्ती हे दिनाक 24.0725 के 10.00 से 10.30 बजे के बीच की बात है धर्मेन्द्र महिला डिलेवरी वार्ड के सामने खड़ा था तभी अस्पताल के महिला गार्ड रूक्सार खान एव गौरव रेकवार आये और बोलने लगे यहां से हटो तो धर्मेन्द्र ने कहा कि मेरी पत्नी की डिलेवरी हुई है इसीलिए मे यहा खड़ा हूं तो गौरव रैकवार ने धर्मेन्द्र की अभ्रद गालिया देने लगा तो फरयादी ने उसे गालिया देने से मना किया तो रूक्सार खान ने पीछे से आकर कालर पकडकर मुक्का मारा जो फरयादी की पीठ पर लगा और उसे नीचे गिरा दिया। पीठ पर गुदी चोट लगी दर्द हो रहा है स्कसार खान बोली कि तुम ज्यादा लाल पट्टी की डम मत दिखाओ अगर तुमने हम लोगो के विरुध्द में थाना में रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर देंगे धमकी देने लगे मोके पर मेरी मा गुड्डन बाई थी और भी लोग वे जिन्हें में नहीं जानता हूँ उन्होंने बीच बचाव किया है मे महेश गुप्ता के साथ मे थाना रिपोर्ट करने आया हू रिपोर्ट करता हू कार्यवाही की जाये रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दोनों के विरुद्ध बीएन एस की धाराओं 296, 115(2), 351(3), 3(5) में एफआईआर की गई। दमोह कोतवाली टी आई ने इस संबंध में बताया कि प्राथमिकी एफआईआर दर्ज कर ली गई है। विवाद की बात सामने आई थी आगे विवेचना की जायेगी। सिविल सर्जन ने कहा कि निरंतर शिकायत प्राप्त हो रही है और उन पर कार्रवाई की जा रही है महिला के साथ मारपीट और जो घटना हुई है उसे संबंध में दोनों कर्मियों के ऊपर कार्रवाई के लिए पत्र अग्रेषित कर दिया गया है।

## गौलोक धाम में कांवड़ यात्रियों का स्वागत



**बनवार।** गौलोक धाम में कांवड़ यात्रियों ने पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। जल खंडेश्वर धाम गैसाबाद से जल लेकर बांदकपुर धाम को निकली कांवड़ यात्रा गौलोक धाम गुंजी में पहुंची, जहां सभी भोले के भक्तों का स्वागत किया गया। कांवड़ यात्रियों के साथ गौलोक धाम में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें पीपल और आम के पेड़ लगाए गए। गौलोक धाम के संरक्षक तुलसीराम तिवारी ने बताया कि गैसाबाद से निकली दो दिवसीय कांवड़ यात्रा आज संपन्न होगी, जिसमें बड़ी संख्या में शिव भक्त जल लेकर पैदल लगभग 100 किलोमीटर की दूरी तय कर जागेश्वर धाम पहुंच रहे हैं। कांवड़ यात्रियों का गुंजी ग्राम के युवाओं द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी कावड़ यात्रियों ने हरियाली अमावस्या पर पेड़ लगाने और प्रकृति को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बजरंग दल के जिला संयोजक गोलू चौबे, निर्देश अवस्थी, अरविंद पाठक, शंकर गौतम, अनिकेत तिवारी, प्रवेंद्र मिश्रा, श्रीकांत चौरसिया और अन्य युवाओं की उपस्थिति रही।